**Regarding request to resume Train services which were stopped during Covid time along with need for renovation work**

**श्री जयन्त बसुमतारी (कोकराझार) :** सभापति महोदया, मेरे क्षेत्र कोकराझार पिछड़ा क्षेत्र है । कोविड से पहले मेरे क्षेत्र श्रीरामपुर, गोसाईगांव, चाऊतारा, गुआबरी, सपतग्राम, कोकराझार, फकीराग्राम, सलाकाटी और बसुगांव आदि स्टेशनों पर ट्रेनें रुकती थीं, लेकिन कोविड समाप्त होने के बाद आज तक इन ट्रेनों को दोबारा शुरू नहीं किया गया है ।

महोदया, मैं आपके माध्यम से आग्रह करना चाहता हूं कि इन स्टेशनों पर कोविड काल से पहले जो-जो गाड़ियां रुकती थीं, वे दोबारा शुरू की जाएं क्योंकि स्टूडेंट्स और पेशेंट्स को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है । असम से ज्यादातर कैंसर पेशेंट्स चैन्नई जाते हैं, लेकिन द्रुतगति ट्रेनों की सुविधा उपलब्ध नहीं है । मैं रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि कोविड काल से पहले जो ट्रेनें चलती थीं, उन्हें दोबारा शुरू किया जाए ।

माननीय सभापति **:** धन्यवाद । आपने अपना विषय रख दिया है । अब आप बैठ जाएं ।

श्री जयन्त बसुमतारी **:** महोदया, मैंने जिन स्टेशनों के बारे में कहा है, उनका रेनोवेशन का काम किया जाना चाहिए । मालागांव डिविजन को श्रीरामपुर चौंक तक एक्सपेंड किया जाए ।